भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 533
12 दिसम्बर, 2022 को उत्तर के लिए

भारतीय सशस्त्र बलों में रिक्तियां

533. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सेवा के सभी स्तरों पर भारतीय सशस्त्र बलों में रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों में भरी गई रिक्तियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने सेना में रिक्त पदों को भरने के लिए नियमित भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) : भारतीय सशस्त्र सेना में अधिकारियों और कनिष्ठ कमीशन प्राप्त अधिकारियों (जेसीओ)/अन्य रैंक (ओआर)/नाविकों/वायुसैनिकों/एनसी(ई) की रिक्तियों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:-

सशस्त्र सेना	**श्रेणी**	**रिक्तियां**
भारतीय सेना	अधिकारी	7903
	एमएनएस अधिकारी	511
	जेसीओ/ओआर	118485
भारतीय नौसेना	अधिकारी (चिकित्सा और दंत चिकित्सा शाखा को छोड़कर)	1447
	नाविक	11587
भारतीय वायुसेना	अधिकारी (चिकित्सा और दंत चिकित्सा शाखा को छोड़कर)	761
	वायुसैनिक/एनसी (ई)	5819

(ख) : पिछले पांच वर्षों में भरी गई रिक्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

सेना

(i) अफसर

वर्ष	**कमीशन प्राप्त अफसर**
2018	1334
2019	1240
2020	1280
2021	1065
2022	1309

(ii) **जेसीओ/ओआर**

वर्ष	**भर्ती**
2017-18	50026
2018-19	53431
2019-20	80572
2020-21	12091*
2021-22	#

* कोविड-19 महामारी के कारण भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी थी।

अग्नीपथ योजना के तहत सभी सेनाओं के लिए भर्ती शुरू हो चुकी है। वर्ष 2022 में सेना के लिए 40,000 रिक्तियां, नौसेना के लिए 3000 रिक्तियां और आईएएफ के लिए 3000 रिक्तियां जारी की जा चुकी है।

नौसेना

वर्ष	**नियुक्ति/भर्ती की संख्या**	
	अफसर (चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा)	**नौसैनिक**
2017	448	5720
2018	356	5885
2019	415	6068
2020	377	2772
2021	323	5547

वायुसेना

(i) **अफसर**

वर्ष	**कमीशन प्राप्त अफसरों की संख्या (चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शाखा को छोड़कर)**
2017	297
2018	304
2019	326
2020	261
2021	467
2022 (01 दिसम्बर 22 की स्थिति के अनुसार)	333

(ii) **वायुसैनिक और एनसी (ई)**

वर्ष	**भर्ती आंकड़े**	
	वायुसैनिक	**एनसी (ई)**
2017	6227	512
2018	6862	482
2019	7222	910
2020	8423	605
2021	4609	423

(ग) : जी, हां।

(घ) : (i) भारतीय सेना में अधिकारियों की भर्ती एक सतत प्रक्रिया है और वांछित आवश्यकता के अनुसार भर्तियां की जाती हैं।

(ii) अग्निवीरों के रूप में सेना में जवानों की भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2022 से शुरू हुई है। अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2022 में सेना के लिए 40,000 रिक्तियों जारी की गई हैं।

(ङ) : उपर्युक्त पैरा (घ) में दिए गए उत्तर के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

*****